Semester - 4 Page (1)

By - Dr. Shyam Bihari Choudhary
Camlin Page
Date 25 / 04 / 2020

TOPIC - What is research Proposal or Synopsis

# अनुसंधान प्रस्ताव या शोध संक्षिप्तिका

एक अनुसंधानकर्ता एक शोध - छात्र किसी भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय, निजी विश्वविद्यालय या Seemed to be University का विभागीय सदस्य या व्यावसायिक के रूप में किसी न किसी संस्था या संगठन से जुड़ा हुआ होता है। एक शोध छात्र / छात्रा सामान्यतः कोई स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की जरूरत को पूरा करने के लिए या पीएचडी. डिग्री (उपाधि से विभूषित) होने के लिए अनुसंधान की कार्य की ओर प्रवृत्त होता है। एक विभागीय सदस्य या कोई व्यवसायी किसी अनुसंधान कार्य को कुछ निम्न कारणों से हाथ मे लेता हुआ दिखाई देता है :

(i) अनुसंधान के प्रति उसकी अपनी रुचि और झुकाव
(ii) अपने व्यावसायिक कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों को पूरा करने सम्बन्धी कुछ मजबूरियाँ / आवश्यक
(iii) पदोन्नति, पारितोषिक, आर्थिक सहायता तथा सामाजिक या व्यावसायिक रूप से मान्यता प्राप्त करने सम्बन्धी उपलब्धि अभिप्रेरणा

एक शोध-छात्र / छात्रा (Research Scholar) को अपना अनुसंधान कार्य करने मे (Desertation या Thesis) लघुशोध स्नातकोत्तर स्तर पर एवं शोध (Thesis) Ph.D स्तर पर करना होता है। अनुसंधानकर्ता / कर्त्री का सबसे प्रथम प्रमुख कार्य अपने अनुसंधान हेतु किसी उपयुक्त समस्या / उद्घोषणात्मक कथन का चयन करना होता है।

Identifying of the research Problem.